पनवेल तक नई लाइन बिछाया जाना

371. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कोंकण रेलवे द्वारा पनवेल तक नई रेल लाईन बिछाई जा रही है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त क्षेत्र की जनता ने इस रेल लाईन को कसारा घाट तक बढ़ाये जाने का अनुरोध किया है ताकि पुणे और बम्बई के बीच की दूरी को कम किया जा सके;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका): (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

बम्बई में रेलवे स्टेशनों पर जन सुविधाओं का अभाव

372. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बम्बई शहर में बहुत से उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर जनसुविधाओं का अभाव है; और

(ख) यदि हां, तो इन प्रत्येक स्टेशनों पर जनसुविधायें उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जाने की सम्भावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका): (क) और (ख) बम्बई क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले उपनगरीय खंडों के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर प्रसाधन और मूत्रालय जैसी जन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं की व्यवस्था करना सतत् प्रक्रिया है।

Unmanned Railway Level Crossing Accidents

373. SHRI RAJNI RANJAN SAHU:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the number and details of unmanned railway-level crossing accidents during 1993 and so 'far in 1994;

(b) the number of casualties, indicating the number of children killed and injured in these accidents; and the compensation and ad-hoc/ex-gratia payment given to the victims of their families; and

(c) the number of unmanned railway crossings in each State/Territory and progress made so far in manning these level crossing during the Seventh and Eighth Five Year Plan?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA) : (a) 44 unmanned level crossing' accidents have occurred between April '93 to January '94.

(b) 129 persons lost their lives including 44 children, and 205 persons sustained injuries including 62 children. During the current financial year, Rs. 73,000/- have been paid as ex-gratia to the victims involved in accidents at unmanned level crossings.

(c) *Statewise break-up of No. of unmanned level crossings and No. of level crossings manned in Vllth and Vlllth Plan on Zonal Railways.*

SI. No.	State/Union Territory	No. of unmanned level crossings	No. of level crossings manned during Vllth Plan	No. of level crossings manned during Vlllth Plan so far
1	2	3	4	5
1	Assam	1117	2	—
2	Andhra Pradesh	1828	53	24
3	Bihar	1926	19	5